<u>केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल अपने शूरवीरों की बहादुरी भरी कहॉनियों को देष के सामने प्रस्तुत करता है।</u>

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और नीलेश मिश्रा की स्लो कंटेंट प्राइवेट लिमिटेड ने आज सीआरपीएफ ग्रुप केन्द्र लखनऊ में देश के लिए सीआरपीएफ बहादुरों की अनुकरणीय शौर्य और पराक्रम की कई कहानियां पेश करने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। समझौता ज्ञापन एससीपीएल को ऑडियो और वीडियो के रूप में सीआरपीएफ की वीरता की कहानियों को बनाने और प्रसारित करने में सक्षम करेगा, जो एससीपीएल के स्लो ऐप पर विशेष सीआरपीएफ चैनल के माध्यम से देशवासियों को उपलब्ध कराया जाएगा। इस अनूठी पहल की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए, एससीपीएल द्वारा शौर्य चक्र विजेता एसएम यम बहादुर थापा पर एक कहानी प्रस्तुत की जाएगी, जिसमे उन्होंने गोली लगने से घायल होने के बावजूद संसद हमले में एक आतंकवादी को ढ़ेर कर दिया था।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल इस दृष्टि से कि अपने योद्धाओं की साहसिक कहानियॉ देषवासियों के लिए एक अमूल्य धरोहर हैं, जिसे देष जानना चाहता है। डॉ. ए.पी. माहेष्वरी, महानिदेषक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल ने हर नागरिक और विषेष रूप से युवाओं के लिए इन कहानियों को अहुआयागी दृष्टिकोण के साथ ''प्रोजेक्ट ओजे" के तहत रियल टाईम प्लेटफार्म पर लांच किया है। एक अंतर्निहित भावना के साथ देष अपने नायकों को महत्व देगा और अधिक योद्धा पैदा होगें, इन कहानियों को साहस, अनुषासन, धैर्य, दृढ़ता और निस्वार्थता के मूल्यवान आर्दषों के साथ प्रस्तुत करता है एवं यह कहानियां एक मार्गदर्षक के रूप में कार्य करेंगी और युवाओं को चुनौतीपूर्ण कर्तव्यों के लिए बल में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगी और उनके पास मातृभूमि का गौरव एवं सम्मान बढ़ाने के कई अवसर होगें। इसी कड़ी में माननीय केन्द्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह इसी वर्ष 'के0रि0पु0बल एक उर्जस्वी सुरक्षा बल के मंत्र' के हार्डकवर और ई बुक हिंदी व अंग्रेजी संस्करणो का विमोचन भी किया और माननीय लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम विड़ला ने के0रि0पु0बल के शूरवीरों की कहानियों की पुस्तक ''द षौर्य अनवाउण्ड–टेल्स', 'समुंद समावे बुंद में' का हिंदी एवं अंग्रेजी संस्करणों में विमोचन किया। जबकि 'सीआरपीएफ–मंत्रास ऑफ ए डायनामिक फोर्स" संकलन में एक बहादुरी भरी कहानियों 'द षौर्य अनवाउण्ड' का संग्रह है एवं इस कड़ी में बहादुरों की और साहसिक कहानियां प्रसिद्ध लेखकों के द्वारा जारी की जाएंगी।

एससीपीएल के सहयोग से के0रि0पु0बल को अपने बहादुरों की कहानियों को प्रख्यात भारतीय कथाकार श्री नीलेष मिश्रा, जी की मधुर आवाज में प्रस्तुत करने का सौभाग्य मिल रहा है, श्री मिश्रा को कंटेंट किएषन में महारत हासिल है। इस नेक पहल के लिए एससीपीएल की टीम को धन्यवाद देते हुए महानिदेषक महोदय ने कहा कि यह एसोषिएषन एक मंच पर एक आकर्षक प्रारूप में बल के अनसुने बहादुरों की अनकही कहानियों को सामने लाने में एक लंबा रास्ता तय करेगा और इन कहानियों तक आसानी से पहुॅच होगी। श्री नीलेष मिश्रा, संस्थापक 'स्लो कंटेंट' प्राईवेट लिमिटेड ने भावुक होते हुए कहा कि मैं एक कंटेंट किएटर होने के नाते मैं अपनी पूरी जिम्मेदारी के साथ अनसुनी कहानियों में आवाज दूॅगा। के0रि0पु0बल के जवान हमेषा लोगों के बचाव में आगे रहते हैं और देष के नागरिकों की सहायता करते हैं। उनके अदम्य साहस की कहानियां देष को प्रेरित करेंगी और इन्हें जन–जन तक पहुॅचाया जाएगा। हमें गर्व है कि हम के0रि0पु0बल को उनकी समृद्ध और सार्थक सामग्री को 'स्लो एप्प' कंटेंट के माध्यम से प्रस्तुत कर रहे हैं।

यह कार्यक्रम लखनऊ में इसलिए आयोजित किया गया है कि बल में सबसे ज्यादा जवान इसी प्रदेष से आते हैं। इस प्रदेष के 140 से अधिक बहादुर जवानों को वीरता के पदक प्रदान किए गए हैं जिनमें शांतिकाल का सबसे बड़ा पदक 'अषोक चक्र', 03 कीर्ति चक्र और 05 षौर्य चक्र के साथ 131 पीपीएमजी/पीएमजी हैं। इस वर्ष 26 जनवरी को बल के 73 षूरवीरों को पदक प्रदान किए गए हैं एवं इस समय के0रि0पु0बल को 2112 वीरता पदक मिले हैं जो कि अर्द्धसैनिक बलों में सबसे अधिक हैं। 2224 बहादुर देष की सेवा करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए हैं।

श्री नीलेष मिश्रा द्वारा स्थापित 'स्लो कंटेंट प्रा0लि0 जो वीडियो और आडियों समग्री तैयार कर रहा है जिसमें बल के बहादुर जवानों के सरल जीवन पर प्रकाष डालेगा जो दर्षकों और श्रोताओं को इन्हें देखने एवं सुनने के लिए प्रेरित करेगा। इसमें आडियो स्टोरी, सेलेब्रिटी इन्टरव्यू (द स्लो इनटरव्यू और द स्लो कैफे) के साथ नए नवेले मंच प्रदाता हैं तथा यह क्लाइंट की मांग के अनुसार होगा। स्लो एप्प एक ऐसा अनूठा मंच है जो विभिन्न आयुवर्ग के लोगों के लिए अच्छे, षानदार मनोरंजन देगा तथा उभरते हुए कलाकारों को भी अवसर प्रदान करेगा।

के0रि0पु0बल देष का एकमात्र सबसे बड़ा बल है जो देष की आंतरिक सुरक्षा डयूटी में तैनात है। के0रि0पु0बल का इतिहास बहादुरी के कारनामों और साहसिक कार्यो से पूरिपूर्ण है। के0रि0पु0बल ने देष में रियासतों के एकीकरण में योगदान देने के साथ ही देष की कई महत्वपूर्ण चुनौतियों में अपनी भूमिका निभाई है। जम्मू व कष्मीर में आतंकवाद, देष में षांतिपूर्ण चुनाव सुनिष्चित करने, नक्सलियों से गोरिल्ला युद्ध करने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल
व
स्लो कॉन्टेन्ट प्राइवेट लिमिटेड
के मध्य

व
स्लो कॉन्टेन्ट प्राइवेट लिमिटेड
@crpfindia